## जिला पुलिस प्रशासन ने साइबर ठगों से सावधान रहने के लिए जारी की एडवाइजरी

# क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का मिले ऑफर तो हो जाएं सतर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

**कोई भी बैंक या वित्तीय संस्था फोन कॉल, मैसेज या ई-मेल के माध्यम से किसी से ओटीपी, सीवीवी या अन्य गोपनीय जानकारी नहीं मांगती**



एसपी कमलदीप गोयल।

क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर हो रही साइबर ठगी पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है। जिला पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने आमजन को क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर की जा रही साइबर धोखाधड़ी से सतर्क रहने का आह्वान किया है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि वर्तमान समय में साइबर अपराधी स्वयं को बैंक कर्मचारी या कस्टमर केयर अधिकारी बताकर फोन कॉल, मैसेज या ई-मेल के माध्यम से लोगों को ठगने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि साइबर ठग लोगों को झांसा देते हैं कि उनके क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाई जा रही है और कार्ड पर ऑफर दी जा रही है। इसके बाद साइबर ठग ओटीपी, कार्ड नंबर, सीवीवी नंबर, एक्सपायरी डेट या इंटरनेट बैंकिंग विवरण मांगते हैं। जैसे ही कोई व्यक्ति जानकारी साझा करता है ठग तुरंत खाते से रकम निकाल लेते हैं। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि कोई भी बैंक या वित्तीय संस्था फोन कॉल, मैसेज या ई-मेल के माध्यम से ओटीपी, सीवीवी या गोपनीय जानकारी नहीं मांगती है। यदि कोई ऐसा करता है तो वह निश्चित रूप से धोखाधड़ी है।

### साइबर अपराधियों से बचने के लिए बरतें ये सावधानियां

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने आमजन को सतर्क करते हुए कहा कि अनजान कॉल पर खुद को बैंक अधिकारी बताने वालों की बातों में न आएं। किसी भी व्यक्ति को ओटीपी, सीवीवी, पिन, पासवर्ड या कार्ड विवरण सांझा न करें। इसके अलावा क्रेडिट कार्ज लिमिट बढ़ाने या ऑफर से संबंधित जानकारी केवल बैंक की आधिकारिक शाखा या अधिकृत ऐप,वेबसाइट से ही सत्यापित करें। संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें और अनजान ऐप डाउनलोड न करें। वहीं, मोबाइल फोन में बैंकिंग अलर्ट व ट्रांजैक्शन नोटिफिकेशन हमेशा सक्रिय रखें। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति के साथ इस प्रकार की साइबर ठगी हो जाती है तो तुरंत अपने बैंक को सूचित कर अपने कार्ड को ब्लॉक करवाएं। वहीं, बिना देरी किए 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें । ताकि समय पर की गई शिकायत से धनराशि वापस मिलने की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि सतर्कता ही बचाव है। उन्होंने आमजन से स्वयं जागरुक रहें और दूसरों के साइबर ठगों से सावधान रहने के लिए जागरुक करने की अपील की।



यमुनानगर। बहादुरपुर में सफाई और पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लेते ग्रामीण।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण बेहद जरूरी

- जिला परिषद के कार्यकारी अधिकारी सुशील सैनी ने पौधरोपण कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

जिला परिषद व ग्रामीणों द्वारा बहादुरपुर को पालिथीन मुक्त करने व गांव को स्वच्छ रखने के लिए पौधारोपण और सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुशील सैनी ने पौधारोपण करके किया।

परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुशील सैनी ने कहा कि वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए जहां साफ सफाई का होना जरुरी है। वहीं, पौधारोपण करना भी जरुरी है। उन्होंने ग्रामीणों को पर्यावरण स्वच्छ रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाए जाने का अनुरोध किया। मौके पर ग्रामीणों ने नीम, शीशम, विभिन्न फलदार पौधे रोपित किए। इस दौरान कार्यक्रम के माध्यम से नागरिकों को पॉलीथिन के दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक बलिंद्र कटारिया ने ग्रामीणों को अपने घरों में सफाई के लिए भी प्रेरित किया।

इस अवसर पर सरपंच सुनील कुमार, अतिरिक्त खंड कार्यक्रम अधिकारी वीबी, खंड समन्वयक मुकेश देवी, रीना, वंदना, ममता, सुषमा, अंशुल, तनवी, सीमा, सलमा, ग्राम सचिव नरेश कुमार, गोपाल, राजेश, सन्नी, ओसाड, सोहन, अकबर अली पंच व प्रदीप आदि मौजूद रहे।

## सोमवती अमावस्या पर उमड़ा आस्था का सैलाब

# पवित्र नदियों में स्नान, पूजा अर्चना के बाद किया दान

**सुहागिनों ने पीपल की पूजा कर पति की लंबी आयु व परिवार में सुख समृद्धि की कामना की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। यमुना नदी में स्नान करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

सोमवती अमावस्या पर सोमवार को श्रद्धालुओं ने जिला यमुना नदी समेत विभिन्न तीर्थ सरोवरों में स्नान कर पूजा अर्चना की। इस दौरान कई स्थानों पर सुहागिन महिलाओं ने पीपल वृक्ष का पूजन कर पति की लंबी आयु व परिवार में सुख समृद्धि की कामना की।

सोमवार सुबह होते ही शहर के यमुना घाटों समेत अन्य तीर्थ सरोवरों में स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने यमुना के घाटों, कपालमोचन, सरस्वती तीर्थ समेत विभिन्न पवित्र सरोवरों में पहुंचकर स्नान कर पूजा अर्चना की। जबकि कुछ श्रद्धालुओं ने अपने घरों में स्नान कर नजदीक स्थित मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना की। वहीं, कुछ स्थानों पर महिलाओं ने पीपल वृक्ष की 108 बार परिक्रमा कर कच्चा धागा बांधा और पूजा संपन्न की।

### सोमवती अमावस्या पर स्नान करने का है बड़ा महत्व

पंडित मोहन शर्मा ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सोमवती अमावस्या का विशेष महत्व है। इस दिन जहां तीर्थ सरोवरों में स्नान करने से पुण्य मिलता है। वहीं, पीपल पूजन करने से पुण्य फल की प्राप्ति होती है। उन्होंने बताया कि प्राचीन काल से ही सुहागिन महिलाएं इस दिन पीपल वृक्ष की पूजा करती आ रही हैं। पुराणों में वर्णित है कि पीपल वृक्ष में सभी देवी देवताओं का वास होता है। इसलिए शुभ कार्यों से पहले इसका पूजन शुभ माना जाता है। खास बात यह रही कि सोमवार को सोमवती अमावस्या पर तीर्थ स्थलों पर श्रद्धा, आस्था और धार्मिक परंपराओं का सुंदर संगम देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने पूरे विधि विधान और श्रद्धा भाव के साथ स्नान कर पूजा अर्चना कर अपने परिवार की सुख शांति की कामना की।



यमुनानगर। रादौर में जानकारी देते डॉ.एससी सैनी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## सोशल मीडिया के चलते बुजुर्गों की अनदेखी के मामले बढ़े : सैनी

- रोटरी क्लब ने मनाया बुजुर्ग दुर्व्यवहार रोकथाम जागरूकता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रोटरी क्लब की ओर से सोमवार को विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार रोकथाम जागरूकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर क्लब के मुख्य सलाहकार डॉ.एससी सैनी ने कहा कि आज विश्व भर में बुजुर्गों के साथ हो रहे अत्याचार और अनदेखी के प्रति जागरुकता के लिए दुनिया भर में इसे मनाने की शुरुआत हुई। दुनिया भर में विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार रोकथाम जागरूकता दिवस मनाने की शुरुआत संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव के परिणामस्वरूप की गई थी। संयुक्त राष्ट्र द्वारा इस प्रस्ताव को लाने का सबसे बड़ा कारण था दुनिया में बुजुर्गों के साथ हो रही अनदेखी और उनके साथ हो रहे दुर्व्यवहार को रोकना। हाल ही में एक सर्वे में सामने आया है कि दुनिया भर में बुजुर्गों के साथ हो रही अनदेखी और दुर्व्यवहार की सबसे बड़ी वजह सोशल मीडिया है। आजकल लोग सोशल मीडिया पर इतने व्यस्त होते हैं कि वह कभी घर के बुजुर्गों से बात ही नहीं करते। जिससे वह न तो कभी उनसे जुड़ाव महसूस करते हैं और न ही उनके अस्तित्व से उन्हें कोई मतलब होता है, जिसके चलते दुनिया भर में बुजुर्गों के साथ अनदेखी के मामले बढ़े हैं। वहीं बात करें भारत देश की तो इस देश में कभी माता-पिता के चरणों में स्वर्ग माना जाता था, लेकिन आज लोग बुजुर्गों को अपना सबसे बड़ा बोझ समझने लगे हैं।

### सौतेले पिता पर फेरा डालने आई बेटी से दुष्कर्म का आरोप

यमुनानगर। थाना छप्पर क्षेत्र के एक गांव में सौतेले पिता पर शादी के बाद फेरा डालने आई बेटी के साथ डरा धमका कर दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार जिला अंबाला के एक गांव निवासी 24 वर्षीय युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जब वह आठ वर्ष की थी तो उसकी मां ने थाना छप्पर क्षेत्र के गांव कुलपुर निवासी सुरेश उर्फ पप्पी से दूसरी शादी की थी। शादी के बाद वह भी अपनी मां के साथ रहने लगी। इसके बाद सुरेश उर्फ पप्पी तथा उसकी मां के पास दो बच्चे हुए। पीड़िता ने बताया कि जब वह 18 वर्ष की हुई तो आरोपी ने उसे पर गलत नजर रखनी शुरू कर दी। जब भी वह अकेली होती आरोपी उसके साथ अश्लील हरकतें करता था। पीड़िता ने बताया कि अप्रैल 2026 में उसकी शादी हो गई। जिसके बाद वह अपने ससुराल चली गई। शादी के कुछ दिन बाद वह अपनी मां के घर रहने के लिए आई। गत नौ मई को को रात 11 बजे सुरेश उर्फ पप्पी उसके कमरे में आया। जहां आरोपी ने डरा धमका कर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने उसे इस बारे में किसी को बताने पर उसका घर तुड़वाने की बात कही। इसके बाद वह अपने पति के साथ अपने ससुराल चली गई। उसने हिम्मत जुटाकर घटना के बारे में अपने पति को बताया। उसका पति उसे थाना छप्पर पुलिस थाने में शिकायत करवाने के लिए लेकर पहुंचा। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर उसके सौतेले पिता सुरेश उर्फ पप्पी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



यमुनानगर। जगाधरी में जोनस्तरीय बाल समागम में प्रस्तुतियां देते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

## संस्कारों से सुशोभित बालक का होता है उजवल भविष्य : महात्मा

- महात्मा अमनदीप सिंह ने बच्चों को पढ़ाया संस्कारों का पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

संत निरंकारी मिशन द्वारा जगाधरी के सेक्टर 18 स्थित सत्संग भवन में सोमवार को जोन स्तरीय निरंकारी बाल समागम का आयोजन किया गया। समागम में जिलेभर से निरंकारी मिशन की विभिन्न शाखाओं के सैकड़ों बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी कला व भक्ति का प्रदर्शन किया। समागम में पंजाब के पठानकोट से आए प्रचारक महात्मा अमनदीप सिंह ने बच्चों को संस्कारों का ज्ञान दिया।

महात्मा अमनदीप सिंह ने कहा कि बच्चे समाज का अभिन्न अंग हैं और इन्हीं बच्चों को भविष्य में एक सुंदर व आदर्श समाज का निर्माण करना है। निरंकारी सत्संग से जुड़कर बच्चे बड़ों का आदर,सत्कार, सभी से प्रेम और भाईचारे जैसे अनेक सद्गुणों से सुशोभित होते हैं। संस्कारों से सुशोभित बालक ही देश और समाज का उज्ज्वल भविष्य बनाते हैं।

इस अवसर पर बच्चों द्वारा बनाई गई एक शिक्षाप्रद और सुंदर प्रदर्शनी भी लगाई गई। प्रदर्शनी में बच्चों ने नैतिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं की प्रेरणा देने वाले शानदार वर्किंग मॉडल और खेल चार्ट प्रदर्शित किए। जिसे उपस्थित संगत ने खूब सराहा। समागम के दौरान बच्चों के साथ साथ उनके माता पिता ने भी सतगुरु के प्रति कृतज्ञता और धन्यवाद का भाव दिखाया।

### बाल कुंज के मूवमेंट रजिस्टर में छेड़छाड़, पुलिस ने दर्ज किया केस

यमुनानगर। छछरौली स्थित बालकुंज के सरकारी रिकॉर्ड (मूवमेंट रजिस्टर) में छेड़छाड़ की गई। जांच के दौरान मूवमेंट रजिस्टर में ओवरराइटिंग की गई थी। इसका खुलासा जांच समिति द्वारा की गई जांच में किया गया। पुलिस ने जिला बाल कल्याण अधिकारी सुखविंदर सिंह की शिकायत पर बाल कुंज के अज्ञात कर्मचारी व स्टाफ सदस्यों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार जिला बाल कल्याण अधिकारी सुखविंदर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सीएम विंडो पर एक शिकायत प्राप्त हुई थी जिसमें बालकुंज के सरकारी रिकॉर्ड में छेड़छाड़ के आरोप लगे थे। इसकी जांच के लिए एक जांच समिति का गठन किया गया। जिसमें यमुनानगर की जिला कार्यक्रम अधिकारी, रादौर के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी और छछरौली के उपमंडल अधिकारी को शामिल किया गया। जांच में समिति को अनियमितताएं पाई। जांच में सामने आया कि नौ जुलाई 2025 से 16 अगस्त 2025 के बीच मूवमेंट रजिस्टर में जानबूझकर किसी प्रकार के फायदा के लिए सरकारी पद के दुरुपयोग और ओवरराइटिंग की गई थी। जांच में यह भी सामने आया कि बालकुंज के किसी कर्मचारी व स्टाफ सदस्य ने दुर्भावना से झूठा साबित करने, अधिकारियों को जानबूझकर गुमराह करने और संस्थान में कार्यरत अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों को झूठा फंसाने के इरादे से यह ओवरराइटिंग की है। उसने मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर हुई मैराथन दौड़

# योग को अपनी जीवन शैली में करें शामिल

**सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन दौड़ को किया रवाना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते विधायक घनश्याम दास अरोड़ा।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर जिल आयुष विभाग ने व जिला प्रशासन द्वारा शहर में मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मैराथन दौड़ को सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने नेहरू पार्क से रवाना किया।

मैराथन दौड़ नेहरू पार्क से शुरू होकर प्यारा चौक से होती हुई मधु चौंक, मॉडल टाऊन होती हुई नेहरू पार्क में संपन्न हुई। सिटी विधायक ने कहा कि 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जा रहा है। योग हमारी जीवन पद्धति है। इसलिए हमें अपने शरीर को स्वस्थ एवं निरोग रखने के लिए योग से जोड़ना चाहिए। इसे नियमित रूप से जीवन का हिस्सा बनाना होगा। योग तनाव को कम करने तथा बीमारियों से छुटकारा दिलवाने का मुख्य साधन है। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि योग जीवन की वह क्रिया है। जिसके माध्यम से व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ व संतुलित जीवन व्यतीत कर सकता है।

### योग प्राचीन धरोहर

विधायक ने कहा कि योग किसी एक दिन अथवा एक सप्ताह का विषय नहीं है। बल्कि इसे प्रत्येक व्यक्ति को नियमित रूप से करना चाहिए। योग और आयुर्वेद तन, मन और आत्मा के बीच संतुलन बनाकर स्वास्थ्य में सुधार करता है और जीवन जीने का ऐसा तरीका सिखाता है। जिससे जीवन लम्बा और खुशहाल होता है। योग हमारी प्राचीन धरोहर है तथा अब योग भारत में ही नहीं बल्कि विश्व स्तर पर अपना स्थान प्राप्त कर चुका है। योग करने से शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास होता है। मैराथन दौड़ में जिला परिषद के सीईओ सुशील कुमार, डीएसपी कंवलजीत सिंह, डीआईपीआरओ डॉ, मनोज कुमार, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. रजनीश कुमार व जिला शिक्षा अधिकारी प्रेम लता आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी



### नवनियुक्त राज्यमंत्री आदेश सैनी का सम्मान

**रादौर।** सैनी समाज रादौर के प्रधान संदीप सैनी के नेतृत्व में समाज के लोगों ने उत्तराखंड के नवनियुक्त राज्यमंत्री आदेश सैनी का उनके निवास स्थान रूड़की में स्वागत किया। प्रधान संदीप सैनी ने नवनियुक्त राज्यमंत्री आदेश सैनी को पटका पहनाकर, बुके व महाराजा भागीरथ का चित्र भेंटकर सम्मानित किया। संदीप सैनी ने आदेश सैनी को बधाई देते हुए कहा कि उनके मंत्री बनने से न केवल सैनी समाज बल्कि पूरे उत्तराखंड का गौरव बढ़ा है। उन्होंने विश्वास जताया कि आदेश सैनी ने जनता की सेवा व प्रदेश के विकास के लिए पूरी निष्ठा से काम किया है। राज्यमंत्री आदेश सैनी ने सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि समाज का यह प्रेम व आशीर्वाद उनके लिए बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने वादा किया कि वे हर वर्ग की भलाई के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे। मौके पर प्रधान संदीप सैनी, सरपंच देवेंद्र सिंह सैनी, जगन चौहान, राजू गुप्ता व यशपाल सैनी आदि मौजूद थे।



### शिविर में 75 लोगों की हुई स्वास्थ्य जांच

**रादौर।** नवीन जिन्दल फाउंडेशन की ओर से सोमवार को गांव सुखपुरा व खुर्दी में मोबाइल मेडिकल यूनिट निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉक्टरो की टीम ने ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें निशुल्क दवाईयां वितरित की। शिविर के दौरान डॉ.पूर्णमल ने बताया कि लोगों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया। रक्तचाप, मधुमेह सहित विभिन्न सामान्य बीमारियों की जांच की गई। शिविर में 75 मरीजों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई। साथ ही लोगों के रक्त परीक्षण भी मौके पर ही किए गए। सांसद नवीन जिन्दल के संसदीय कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से गांवों और कस्बों में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है। यूनिट की टीम लोगों को पौष्टिक भोजन खाने, साफ-सफाई रखने, नियमित व्यायाम करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के बारे में जानकारी देती है।



### छबील लगाकर बुझाई लोगों की प्यास

यमुनानगर। जिले में सोमवती अमावस्या के अवसर श्रद्धालुओं ने मीठे और ठंडे जल की छबील लगाकर राहगिरों को पानी पिलाकर पुण्य कमाया। इस दौरान कई स्थानों पर जलजीरा भी पिलाया गया। सोमवार को कैंप, फरकपुर व मॉडल टाऊन समेत कई स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा मीठे पानी की छबील लगाकर राहगीरों की प्यास बुझाई। इस दौरान श्रद्धालु विवेक, अंकित, राकेश, राजीव व बंटी आदि ने बताया कि सोमवार को जहां सोमवती अमावस्या का पर्व था, वहीं, दिन भर मौसम में गर्मी की तपिश भी बनी रही। जिसकी वजह से श्रद्धालुओं ने छबील लगाकर राहगिरों को ठंडा और मीठा जल पिलाकर पुण्य कमाया। उन्होंने बताया कि शहर के जगाधरी मार्ग पर सुबह से लेकर शाम तक छबील लगाई गई। छबील में राहगीरों को रोक-रोककर ठंडा व मीठा पानी पिलाया गया। जिसकी सभी ने सराहना की। उन्होंने बताया कि जो लोग छबील पर आने में असमर्थ दिखाई दिए, उन्हें बोतलों में भरकर मीठा पानी वितरित किया गया।



### भाकियू ने अण्णा हजारे का जन्मदिन मनाया

**रादौर।** भारतीय किसान यूनियन की ओर से सोमवार को समाजसेवी अण्णा हजारे का जन्मदिवस मनाया गया। इस अवसर पर भाकियू जिला प्रधान संजू गुंदयाना ने कहा कि किसान बाबूराव हजारे जिन्हें आज हम अण्णा हजारे के नाम से जानते हैं, उनका जन्म 15 जून 1937 में हुआ था। वह एक भारतीय सामाजिक कार्यकर्ता है। वह भारत में रालेगन सिद्धि नामक गांव के विकास के लिए जाने जाते हैं। अण्णा हजारे ने 2011 के भारतीय भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन में एक बड़ी अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने भारतीय सेना में भी काम किया है। अप्रैल 2011 में उन्होंने भ्रष्टाचार पर उनकी मांगों को स्वीकार करने के लिए भारतीय सरकार पर दबाव बनाने के लिए अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी थी। सरकार ने बाद में उनकी मांगों को स्वीकार कर लिया और उन्होंने अपना उपवास समाप्त कर दिया। अगस्त 2011 में उन्होंने एक और भूख हड़ताल शुरू कर दी। इस बार वह सरकार को एक जन लोकपाल विधेयक पारित करना चाहते थे। अण्णा हजारे द्वारा भ्रष्टाचार के विरूद्ध चलाई गई मुहिम के कारण ही आज देश के लोग भ्रष्टाचार के विरूद्ध एकजुट हुए हैं, जिसका श्रेय अण्णा हजारे को जाता है।

### भाजपा ने किया सभी बिरादरियों का सम्मान



**रादौर।** भाजपा नेता मास्टर सतपाल कांबोज मंधार ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने सभी वर्गों का ख्याल रखते हुए हर वर्ग को चेयरमैन व अन्य प्रकार से नई जिम्मेवारी देने का काम किया है। डॉ.अर्चना गुप्ता को प्रदेश अध्यक्ष बनाकर पार्टी ने सभी को चौंकाते हुए गुप्ता बिरादरी को सम्मान देने का काम किया है जो कि सराहनीय है। रादौर में बातचीत के दौरान सतपाल कांबोज ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने किसी को मंत्री पद, किसी को चेयरमैन बनाकर पूरी बिरादरी को सम्मान दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा पार्टी द्वारा किए गए कार्यों से विपक्ष पूरी तरह से समाप्ति के कगार पर है। विपक्ष पूरी तरह से कमजोर पड़ चुका है। भाजपा सरकार ने लेबर कॉपी आधारित मजदूरों को निशुल्क स्कूटी देने का काम किया है। जिस कारण मजदूर व्यक्ति का समय व धन दोनों की बचत होगी। आने वाले समय में भी भाजपा चौथी बार देश व प्रदेश में अपनी सरकार बनाने का काम करेगी।

## खबर संक्षेप



### गीता भवन ट्रस्ट परिसर में लगाया मेडिकल कैंप

**थानेसर।** श्रीकुरुक्षेत्र जीर्णोद्धार समिति द्वारा ब्रह्मसरोवर स्थित गीता भवन ट्रस्ट परिसर में सोमवती अमावस्या के उपलक्ष्य में रविवार रात्रि भव्य भजन संध्या एवं भंडारे का आयोजन किया गया। इससे पूर्व विशाल मैडिकल कैम्प लगाया गया जिसमें विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा मरीजों के रोगों की जांच करके दवाई दी गई। ट्रस्ट के चेयरमैन केके गुप्ता पटियाला वाले ने बताया कि हर बार सोमवती कार्यक्रम के अंतर्गत सभी पदाधिकारियों द्वारा भजन संध्या की ज्योत प्रज्जवलित की गई।

### सार्थक साहित्य मंच की हुई मासिक काव्य गोष्ठी

**कुरुक्षेत्र।** सार्थक साहित्य मंच की मासिक काव्य गोष्ठी गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित की गई। काव्य गोष्ठी की मेजबानी शिव किरमच ने की। मंच संचालन संजय कुमार मित्तल ने किया। काव्य गोष्ठी का आरंभ माँ शारदे के सामने दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर वंदना की। सार्थक साहित्य मंच की सबसे छोटी सदस्य वेदिता को प्लस टू में 96.4% लेने पर सार्थक साहित्य मंच ने उसे सम्मानित कर उसके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### तबला शास्त्र एवं अभिव्यक्ति का पुस्तक विमोचन

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा की धर्मपत्नी डॉ. ममता सचदेवा ने सोमवार को संगीत एवं नृत्य विभाग में विभाग के वरिष्ठ तबला अनुदेशक तथा आकाशवाणी के बी-हाई ग्रेड कलाकार डॉ. नितिन शर्मा द्वारा लिखित पुस्तक तबला शास्त्र एवं अभिव्यक्ति का विमोचन करते हुए कहा कि भारतीय संगीत में तबले का स्थान अत्यंत विशिष्ट है। यह लय, गणना, सौंदर्य, भावाभिव्यक्ति और रचनात्मकता को एक साथ समाहित करता है। सदियों के सांगीतिक विकास, विभिन्न घरानों की परंपराओं, गुरु-शिष्य संबंधों तथा महान कलाकारों की साधना ने तबले को विश्व स्तर पर पहचान दिलाई है।

## हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री ने वॉकथान को हरी झंडी देकर किया रवाना

# देश की प्रगति के लिए हर व्यक्ति को जीवन में अपनाना होगा योगः सुधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि देश की प्रगति के लिए प्रत्येक नागरिक को योग को अपने जीवन में धारण करना होगा, जो व्यक्ति स्वस्थ होगा, वहीं राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकेगा। इस देश की युवा पीढ़ी को स्वस्थ और सशक्त बनाने के लिए सरकार की तरफ से योग युक्त नशा मुक्त हरियाणा जैसे विषय पर आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने सोमवार को ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में जिला प्रशासन व आयुष विभाग के तत्वाधान में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर आयोजित वॉकथान में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, एसडीएम अमन कुमार, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. मंजू शर्मा, जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी इंदू कौशिक ने वॉकथान को हरी झंडी देकर रवाना किया। इस वॉकथान में पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा सहित सभी मेहमानों ने भाग लिया और वीवीआईपी घाट पर आयोजित योग शिविर में भाग लिया। इस शिविर में पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा व एसडीएम अमन कुमार ने नागरिकों के साथ योग भी किया। एसडीएम अमन कुमार ने मेहमानों का स्वागत करते हुए कहा कि उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के मार्गदर्शन में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियां चल रही हैं। इसी कड़ी में वॉकथॉन का आयोजन किया गया और 16 जून से 18 जून तक द्रोणाचार्य स्टेडियम में प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ कर्मचारी व अधिकारी भाग लेंगे। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. मंजू शर्मा ने मेहमानों का आभार व्यक्त करते हुए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तमाम गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम के मंच का संचालन जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डा. नरेंद्र सिंह ने किया।



**कुरुक्षेत्र।** योग साधकों के साथ योग करते पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, एसडीएम अमन कुमार।

### वृद्धाश्रम में बुजुर्ग नियमित रूप से कर रहे योग का अभ्यास



**लाडवा।** बाबा बंसी वाले वृद्ध आश्रम में बुजुर्गों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर नियमित योग का अभ्यास करवाया जा रहा है। बुजुर्गों के लिए रोजाना सुबह 5 बजे योग कक्षा लगाई जाती है जिसमें योगाचार्य कमल किशोर एवं उनके सहयोगी बालकृष्ण मल्होत्रा बुजुर्गों को योग, प्राणायाम, ध्यान का अभ्यास करवा रहे हैं। योग कक्षा में बुजुर्गों को मुख्य रूप से वृद्धावस्था में किये जाने वाले विभिन्न आसान , सूक्ष्म व्यायाम, प्राणायाम का अभ्यास कराया जा रहा है। बाबा बंसीवाला वृद्धाश्रम एवं अन्नक्षेत्र के उप प्रधान संजय सिंघल ने बताया कि वृद्धाश्रम में रहे सभी महिलाएं व पुरुष नियमित योग अभ्यास से अपने को अधिक ऊजार्वान व स्वस्थ महसूस करते हैं।संजय सिंगला ने वृद्ध आश्रम लाडवा की ओर से योग सिखाने के लिए योगाचार्य कमल किशोर व बालकृष्ण मल्होत्रा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि योगाभ्यास करने वाले बुजुर्गों को बहुत लाभ मिल रहा है जिसमें शुगर, बीपी की समस्या कम हो रही है और पेट से संबंधित बीमारी ठीक हो रही है। इस अवसर पर मंजू , सीमा , सरिता, सुमन, शीला देवी, जसवंत कौर, बलवंत, हरमेल सिंह, अरविन मित्तल, पवन कुमार, अशोक चोपड़ा, बृजेश शर्मा,सुधीर व संत लाल सहित अनेक बुजुर्ग उपस्थित रहे।

## गुरुकुल कुरुक्षेत्र में सार्वदेशिक आर्यवीर एवं विरांगना दल के राष्ट्रीय शिविर का समापन

# आत्मरक्षा और संकल्प से बेटियां बनेंगी आत्मनिर्भर : गीता फोगाट



**कुरुक्षेत्र।** समारोह में मंचासीन अतिथिगण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सार्वदेशिक आर्य वीर दल द्वारा गुरुकुल कुरुक्षेत्र में आयोजित आर्यवीर एवम् वीरांगना दल के राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का अत्यंत भव्य और गौरवमयी माहौल में समापन हुआ। इस पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह में राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता व 'दंगल गर्ल' अंतरराष्ट्रीय पहलवान गीता फोगाट, देश के प्रतिष्ठित औद्योगिक घराने जेबीएम ग्रुप के चेयरमैन श्री एस.के. आर्य और दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के महामंत्री विनय आर्य ने संयुक्त रूप से शिरकत कर देश के कोने-कोने से आई बालिकाओं का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक रीति से भव्य यज्ञ-हवन और मंत्रोच्चार के साथ हुई। इसके बाद शिविर की वीरांगनाओं ने नियुद्ध (जुडो-कराटे), लाठी संचालन, आदि शारीरिक अभ्यासों का ऐसा साहसी प्रदर्शन किया कि पूरा परिसर 'वंदे मातरम' और 'भारत माता की जय' के नारों से गुंजायमान हो उठा।

### आर्य समाज ने नारी शक्ति को सर्वोपरि माना : आर्य

समारोह को संबोधित करते हुए दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के महामंत्री श्री विनय आर्य ने आर्य वीरांगना दल के गौरवशाली इतिहास और वर्तमान प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती के विचारों पर चलते हुए आर्य समाज ने हमेशा नारी शक्ति को सर्वोपरि माना है। आज के इस दौर में जब बेटियों की सुरक्षा एक बड़ी चुनौती है, तब आर्य वीरांगना दल का यह प्रशिक्षण उन्हें निडर और आत्मनिर्भर बना रहा है। हमारी वीरांगनाएँ जब समाज में निकलेंगी, तो वे कुरीतियों के खिलाफ और राष्ट्रभक्ति के पक्ष में एक नई क्रांति का सूत्रपात करेंगी। इस दौरान गीता फौगाट ने कहा कि आत्मरक्षा व संकल्प से बेटियां आत्मनिर्भर बनेंगी। गुरुकुल कुरुक्षेत्र के प्रधान राजकुमार गर्ग ने सभी अतिथियों, प्रशिक्षकों और देश के कोने-कोने से आए शिविरार्थियों का आभार व्यक्त किया।

# सोमवती अमावस्या पर ओंकार महायज्ञ में डाली आहुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जय ओंकार अंतर्राष्ट्रीय सेवाश्रम संघ, श्रीब्रह्मा मंदिर कुरुक्षेत्र की ओर से हरिद्वार के कनखल स्थित मां सती मंदिर और मां शीतला मंदिर में सोमवती अमावस्या के अवसर पर ओंकार महायज्ञ और भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संघ संस्थापक 1008 सद्गुरुदेव स्वामी शक्तिदेव जी महाराज, स्वामी संदीप ओंकार जी महाराज और स्वामी संतोष ओंकार जी महाराज कुरड़ी वालों के सानिध्य में संपन्न हुआ। श्री ब्रह्मा मंदिर से 10 बसों के माध्यम से श्रद्धालु हरिद्वार पहुंचे। श्रद्धालुओं के लिए ठंडे मीठे जल की छबील भी लगाई गई। इस दौरान राजा दक्ष मंदिर, मां सती मंदिर, मां शीतला मंदिर और मां गंगा की विशेष पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने ओंकार महायज्ञ में आहुति डाली और भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य अर्जित किया। स्वामी शक्तिदेव जी महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूर्णाहुति कराई। संघ संचालक पंडित शिव नारायण दीक्षित ने बताया कि महाराज श्री जी के सानिध्य में हर वर्ष मां गंगा के तट पर पितरों की शांति के लिए ओंकार महायज्ञ और भंडारे का आयोजन किया जाता है।





### कैटरिंग व्यवसाय में सभी के एकजुट होने की जरूरत : धर्मपाल सैनी

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा कैटरिंग एसोसिएशन के चेयरमैन धर्मपाल सैनी ने कहा कि कैटरिंग के व्यवसाय में सभी सदस्यों को एकजुट होकर सख्त निर्णय लेने की जरुरत है। यदि सभी एकजुट होंगे तो व्यवसाय को बढ़ाने के साथ-साथ सभी का मान-सम्मान भी बरकरार रहेगा। इसके साथ ही यूनियन में तय नियमों का भी सभी पालन करें। पानीपत के समालखा स्थित द रॉयल वेनेशियन होटल में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# सौरभ गर्ग बने अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के थानेसर विधानसभा अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानेसर

अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला एवं प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला के मार्गदर्शन एवं अनुशंसा पर जिला कुरुक्षेत्र की अग्रवाल वैश्य समाज थानेसर विधानसभा इकाई का विधिवत गठन किया गया। इस नई इकाई के गठन का उद्देश्य समाज में नए साथियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना, संगठन को और अधिक सशक्त बनाना तथा सामाजिक, शैक्षणिक एवं सेवा कार्यों को नई दिशा प्रदान करना है। नवगठित विधानसभा इकाई में सौरभ गर्ग को विधानसभा अध्यक्ष, विंकल गुप्ता को महासचिव तथा साहिल गर्ग को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए भरोसा दिलाया कि वे समाज हित, संगठन की मजबूती तथा सेवा कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करेंगे। इस अवसर पर समाज के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने नवगठित टीम को शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर रमेश गर्ग, जवाहर गोयल, अरुण बिंदल, विनय गुप्ता, जंग बहादुर सिंगला, विनोद अग्रवाल, संजय गुप्ता, जिलाध्यक्ष अशोक गर्ग, महासचिव अजय गुप्ता, संजीव गर्ग, सुमित गर्ग, प्रमोद बंसल, सचिन सिंगला, अंशुल बंसल, विनोद गर्ग, विजय गर्ग, अश्विनी जिंदल आदि मौजूद रहे।





### डॉ. अखिल शर्मा ने संभाला रोटरी रॉयल क्लब शाहबाद के अध्यक्ष पद का पदभार

**शाहबाद।** रोटरी रॉयल क्लब, शाहाबाद मारकंडा की एक पारिवारिक रात्रिभोज बैठक जी.टी. रोड स्थित एक होटल में आयोजित की गई। इस गरिमापूर्ण समारोह में डॉ. अखिल शर्मा को क्लब के अध्यक्ष के रूप में औपचारिक रूप से पदभार सौंपा गया। कार्यक्रम के दौरान, वर्तमान सचिव श्वेता गर्ग और क्लब एडवाइजर आशुतोष गर्ग ने डॉ. अखिल शर्मा को रोटरी रॉयल का चार्टर प्रदान कर उनके सफल कार्यकाल की कामना की। अध्यक्ष का पदभार संभालने के बाद डॉ. अखिल शर्मा ने अपने आगामी लक्ष्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि क्लब के दो स्थायी प्रकल्पों के साथ-साथ, वे इस वर्ष एक और नियमित प्रोजेक्ट की शुरूआत करेंगे। इसके अलावा, उनकी टीम स्वास्थ्य सेवाओं के लिए मेडिकल कैंप, पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण, तथा बच्चों की शिक्षा और खेल गतिविधियों पर विशेष रूप से कार्य करेगी। डॉ. शर्मा ने अपनी नई टीम की घोषणा करते हुए बताया कि वे सचिव रोटेरियन सुमित अदलखा, संयुक्त सचिव विकास विक्की कोहली, उपाध्यक्ष सतविंदर सिंह गाबा और कैशियर मयंक तुली के साथ मिलकर क्लब की सेवाओं को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए तत्पर हैं। क्लब के डायरेक्टर सतविंदर सिंह गाबा ने पिछले वर्ष

### समाजसेवा, समर्पण और नेतृत्व की मिसाल बना डॉ. अमित का कार्यकाल

**पिहोवा।** रोटरी क्लब पिहोवा के वर्ष 2025-26 के कार्यकाल के समापन अवसर पर एक निजी होटल में आयोजित कार्यक्रम में पूरे वर्ष की उपलब्धियों, सेवा कार्यों एवं सामाजिक सरोकारों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान क्लब के सदस्यों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा वर्षभर किए गए कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। रोटरी क्लब पिहोवा के प्रधान डॉ. अमित अरोड़ा ने बताया कि रोटरी क्लब में प्रधान, सचिव एवं कोषाध्यक्ष का कार्यकाल एक वर्ष का होता है तथा प्रत्येक वर्ष नई कार्यकारिणी का गठन किया जाता है। आगामी 1 जुलाई से नई टीम अपना कार्यभार संभालेगी। क्लब के सचिव गौरव बंसल ने बताया कि डॉ. अमित अरोड़ा के नेतृत्व में रोटरी क्लब ने पूरे वर्ष समाज सेवा के अनेक आयाम स्थापित किए। क्लब द्वारा /"पढ़ो, बढ़ो, मुस्कुराओ झ्र एक नई दिशा/" अभियान के तहत अशिक्षित बच्चों एवं घरों में कार्य करने वाली महिलाओं को शिक्षा से जोड़ने का कार्य किया गया। बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन कर उन्हें सम्मानित किया गया। अजय कालड़ा ने कहा की रोटरी क्लब की शगुन योजना के अंतर्गत जरूरतमंद बेटियों के विवाह में आर्थिक सहायता एवं आवश्यक घरेलू सामान उपलब्ध करवाया गया।





### नशे की सुई को न कहें और रक्तदान की सुई से लोगों का जीवन बचाएं : डॉ. अशोक

**कुरुक्षेत्र।** राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक पुरस्कार विजेता, डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा कुरुक्षेत्र में 592वाँ स्वैच्छिक रक्तदान शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। शिविर में 18 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में प्रयास फाउंडेशन के प्रधान एवं समाजसेवी नरेश सैनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि वरिष्ठ समाजसेवी श्री करमचंद ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। शिविर के अंतर्गत संयोजक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि युवाओं को चाहिए कि नशे की सुई को न कहें और रक्तदान की सुई से लोगों का जीवन बचाएं। उन्होंने रक्तदाताओं को रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूक किया तथा नियमित रक्तदान के लिए प्रेरित किया गया।

### नवनियुक्त चेयरमैन सुभाष कलसाना का गांव थड़ौली में भव्य स्वागत

**शाहबाद।** शाहबाद के गांव थड़ौली में हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के नवनियुक्त चेयरमैन सुभाष कलसाना के सम्मान में भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा नलवी मंडल के महामंत्री बिट्टू थड़ौली द्वारा किया गया। इस अवसर पर सरपंच रामजस सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों और भाजपा कार्यकतार्ओं ने पहुंचकर कलसाना का गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिट्टू थड़ौली ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा संगठन तथा केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सुभाष कलसाना को चेयरमैन बनाकर प्रदेश नेतृत्व ने शाहाबाद क्षेत्र को और अधिक मजबूती प्रदान की है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों की पहले भी कोई कमी नहीं थी, लेकिन अब विकास को नई गति मिलेगी और विधानसभा क्षेत्र में जनहित के कार्य और अधिक तेजी से पूरे होंगे। इस अवसर पर अपने संबोधन में चेयरमैन सुभाष कलसाना ने सम्मान समारोह के लिए बिट्टू थड़ौली और समस्त ग्रामीणों का धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं बल्कि शाहाबाद क्षेत्र की जनता का सम्मान है।



### शिवाला रामकुंडी में लगेगा 16 से 18 जून तक जन कल्याण शिविर : अनुभव मेहता

**लाडवा।** एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार प्रसार तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध करवाने के लिए तीन दिवसीय जन कल्याण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम 16 जून से 18 जून तक शिवाला रामकुंडी में किया जाएगा। नगर पालिका सचिव को शिविर का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम के लिए संबंधित विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि उपमंडल के अंतर्गत आने वाले विभाग अपने-अपने विभाग की गतिविधियों एवं कार्यक्रम आयोजित करेंगे। शिविर में प्रदर्शनी, सुविधा केंद्र और पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण करवाना के लिए कर्मचारी-अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि शिविर में मुख्य रूप में आयुष्मान वय वंदना, प्रधानमंत्री सूर्य घर, प्रधानमंत्री स्वनिधि, लखपति दीदी, विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविकि मिशन (ग्रामीण), आजीविका मिशन ग्रामीण एवं शहरी, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं शहरी, अमृत योजना, हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना सहित अन्य योजनाओं का सुविधा केंद्र की जानकारी व आवेदन लिए जाएंगे।



**चर्चा** | गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में हुई सिख बुद्धिजीवियों एवं सिख संगत के प्रतिनिधियों की बैठक

बीएसएफ ने बॉर्डर पर रोका हरियाणा का जत्था, दिनभर इंतजार के बाद लौटे श्रद्धालु

# पाकिस्तान यात्रा से रोके गए श्रद्धालु व मीरी-पीरी मेडिकल कॉलेज में वेतन को लेकर जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

समाजसेवी एवं सिख चिंतक सरदार अमीर सिंह कुरुक्षेत्र के आह्वान पर सिख संगत की एक महत्वपूर्ण बैठक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी, कुरुक्षेत्र में आयोजित की गई। बैठक के मुख्य विषय श्रीगुरु अर्जन देव जी के शहीदी पर्व पर पाकिस्तान स्थित गुरु धामों की यात्रा हेतु हरियाणा की सिख संगत के जत्थे को रोके जाने तथा मीरी-पीरी संस्थान से जुड़े मुद्दे रहे। श्रीगुरु अर्जन देव जी के शहीदी पर्व पर श्रद्धालुओं का एक जत्था हरियाणा से पाकिस्तान स्थित गुरु धामों की यात्रा पर जाने वाला था, लेकिन उन्हें सीमा सुरक्षा बल द्वारा बॉर्डर पर रोक दिया गया, जबकि पंजाब और दिल्ली के जत्थों को रवानगी दे दी गई। जत्थे को रोकने का कारण बीएसएफ द्वारा उनकी क्लीयरेंस पूर्ण न होना बताया गया। जबकि सीआईडी एवं पुलिस वेरिफिकेशन के बाद ही श्रद्धालुओं को यात्रा वीजा प्राप्त हुआ था। बीएसएफ के अनुसार गृह विभाग द्वारा जत्थे के लिए आवश्यक एनओसी जारी की जानी थी, जो उपलब्ध नहीं कराई गई। इसके कारण जत्थे में शामिल बुजुर्ग, महिलाएं, बच्चे और युवा पूरे दिन भीषण गर्मी में बैठे रहे तथा रात को निराश होकर वापस लौटने को मजबूर हुए। इसी विषय पर चर्चा के लिए यह बैठक बुलाई गई थी। बैठक में हरियाणा के एकमात्र बड़े सिख मेडिकल संस्थान, मीरी-पीरी मेडिकल कॉलेज, शाहाबाद की स्थिति पर भी चिंता व्यक्त की गई। बताया गया कि पिछले लगभग दो महीनों से डॉक्टरों एवं अन्य कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला है और संस्थान बंद होने की कगार पर पहुंच चुका है। संगत ने कमेटी के सभी सदस्यों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे आपसी तालमेल बनाकर कमेटी का संचालन सुचारू रूप से करें। यदि ऐसा नहीं होता है तो संगत खुलकर विरोध करेगी। संगत ने कहा कि उन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि उन्हें चुनने वाली संगत सब कुछ देख रही है। यदि कमेटी में तालमेल स्थापित नहीं हुआ तो ऐसे सदस्यों का खुलकर विरोध किया जाएगा।



**कुरुक्षेत्र।** बैठक में मौजूद सिख बुद्धिजीवियों एवं सिख संगत के प्रतिनिधि।

**ये रहे मौजूद**

*इस अवसर पर दिलबाग सिंह प्रधान, सुखमनी साहिब सेवा सोसायटी, गुरुद्वारा पट्टा साहिब, कुरुक्षेत्र, जसबीर सिंह वैडच प्रधान, गुरुद्वारा बैकुंठ धाम सेवा सोसायटी, मजीत सिंह प्रधान, गुरुद्वारा साहिब सेक्टर-5, कुरुक्षेत्र, सुखजिंदर सिंह प्रधान, गुरुद्वारा सेक्टर-3, कुरुक्षेत्र, अवतार सिंह प्रधान, गुरु हर राय साहिब सेवा सोसायटी, गुरुद्वारा सतवीं पातशाही, परमजीत सिंह प्रधान, शब्द चौकी जत्था, गुरुद्वारा साहिब छठी पातशाही, गुरतेज सिंह पूर्व प्रधान, बार एसोसिएशन कुरुक्षेत्र, बलदेव सिंह सरपंच, किशनगढ़, परमजीत सिंह दुनियामाजरा, जरनैल सिंह (बोढ़ही), सतविंदर पाल सिंह ढिल्लों आदि मौजूद रहे।*

